तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 सितंबर 2024

13 हमारे जीवन का सबसे बुरा दिन वह है जब हम...



14 ओवरब्रिज के नीचे खेलप्रेमियों के लिए...



सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


## खबर संक्षेप

### घर का ताला तोड़कर आभूषणों की चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अमलोर से घर का ताला तोड़कर जेवर की चोरी घटना हुई है। ग्राम अमलोर निवासी मनोज कुमार कन्नौजे ने पुलिस को दिए अपनी शिकायत में बताया है कि, 24 सितंबर की शाम मैं मेरी पत्नी अपने मेडिकल दुकान से शाम 7:30 बजे घर वापस आए तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखे तो बाक्स का ताला भी टूटा हुआ था, सामान बिखरा हुआ था एवं प्लास्टिक डिब्बा में रखे चांदी का तीन जोडी पायल, चांदी की बिछया एक जोड़ी, चांदी की बचकानी करधन एक, चांदी का बाजूबंद दो नग, एवं चांदी का हाफ करधन कुल कीमत 28, 600 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331(3) के तहत अपराध कायम किया है।

### घर की बाड़ी से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने मुखबीर सूचना पर कारर्रवाई करते हुए ग्राम छुवालीपतेरा के घर के बाड़ी से अवैध महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया है कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम छुवालीपतेरा के नीलांबर रात्रे नाम का व्यक्ति अपने मकान बाडी में शराब बिक्री करने के लिए अवैध रूप से रखा है। जिसके कब्जे से 4.5 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 900 रुपए बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) (क) के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।



### जेल भिजवाने की बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया लंपागढ़िन चौक के पास एक व्यक्ति से जेल भिजवाने की बात को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी दौलतराम सिन्हा ने अपने शिकायत में पुलिस को बताया है कि बुधवार को अपने खेत से वापस घर आ रहा था कि लंपागढ़िन चौक खम्हरिया के पास गांव का सूरज दुबे पिता राधेप्रसाद दुबे ने शराब के नशे की हालत में मेरे विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भिजवाए हो कहकर गाली गलौच कर रहा था। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 74 हजार रुपए का गांजा जब्त

**महासमुंद।** जिले की सिंघोड़ा पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 75 हजार रुपए कीमत का 5 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काले कलर के बैग मे अवैध मादक गांजा रखकर ग्राम मुरमुरी चौक मे किसी वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना पर एनएच 53 रोड ग्राम मुरमुरी चौक मे जाकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसके बैग की तलाशी लेने पर उसमें 5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 75000 रुपए बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आरोपी सुशील कुमार साहू पिता काठिया साहू (38 साल) निवासी खंडम थाना रैराखोल जिला संबलपुर(ओडिशा) बताया। आरोपी ने उक्त गांजा को रहान रैराखोल जिला संबलपुर ओडिशा से हीरापुर रायपुर खपाने ले जाना बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# प्लांट में हादसा मामले में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सहायक संचालक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पखवाड़े भर पहले खैरझिटी के करणी कृपा पावर प्लांट में हुई दुर्घटना में मजदूरों के घायल और आहत होने के बाद भी जिला प्रशासन को सूचना नही दिए जाने पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा तीन दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करने को कहा गया है।

बता दें कि मुख्यालय से 13 किमी दूर ग्राम करणी कृपा पावर प्लांट खैरझिटी तहसील व जिला महासमुंद में 08 सितंबर 2024 को दुर्घटना घटित होने से 03 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए, जिसकी सूचना प्रबंधन द्वारा पुलिस एवं जिला प्रशासन को नहीं दी गई। इधर, दुर्घटना के 14 दिनों के बाद 22 सितंबर को सोशल मीडिया एवं अखबारों में खबर प्रकाशित होने पर फैक्ट्री में हुई दुर्घटना की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हुई। तत्पश्चात इस कार्यालय द्वारा दुर्घटना की जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद एवं श्रम पदाधिकारी महासमुंद की टीम 23 सितंबर को फैक्ट्री में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें पता चला कि 13 सितंबर को सहायक संचालक द्वारा उपस्थित होकर करणी कृपा पावर प्लांट ग्राम खैरझिटी में दुर्घटना की जांच की गई, जिसकी सूचना जिला प्रशासन को नहीं दी गई।

## जिला प्रशासन को नहीं दी हादसे की जानकारी, 3 दिनों के भीतर मांगा कलेक्टर ने जवाब

### इस प्रकार हुआ हादसा

करणी कृपा पावर प्लांट में 8 सितंबर को जीसीबी टैंक अचानक जाम हो गया। प्लांट प्रबंधक द्वारा छर्रा का सैंपल निकालने वाले खिलेश्वर साहू के साथ दो युवकों को भेज दिया। पानी टैंक को खोलते समय प्रेशर से 180 डिग्री तापमान में खौलता हुआ टैंक का पानी मजदूरों पर गिर गया। घटना में खिलेश्वर साहू निवासी भोरिंग, भरत वर्मा निवासी मुनगी, डोमार सिन्हा मंदिर हसौद गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में तीनों युक्कों को गंभीर हालत में रायपुर के कालड़ा अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के पांचवें दिन 12 सितंबर को भरत वर्मा और 14 सितंबर को खिलेश्वर साहू की मौत हो गई।



### पहले भी हो चुका है हादसा

8 सितंबर के हादसे का मिलाकर प्लांट में अब तक दो हादसे हो चुके हैं। पहला हादसा 25 जून 2024 को हुआ, जिसमें 3 लोग झुलसे थे। जिसमें एक मौत भी हुई है। जानकारी के मुताबिक यश साहू प्लांट में हेल्पर का कार्य करता था। यश जब 25 जून प्लांट में काम कर था तभी प्लांट की भट्ठी में विस्फोट हो गया। इस हादसे में लगभग तीन लोग झुलस गए। प्लांट प्रबंधन ने हादसे की जानकारी पुलिस को दिए बिना ही घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचा दिया। जिसमें यश की हालत गंभीर होने पर प्लांट प्रबंधन ने उसे रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## समस्या : लेखापाल के रिटायरमेंट के बाद अब तक किसी को नहीं दिया गया प्रभार

# ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की राशि नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी, कई काम अटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अमूमन मई-जून में मिलने वाली 15 वें वित्त की राशि इस वर्ष तीन माह बीतने के बाद भी ग्राम पंचायतों को नहीं मिल पाई है। इससे पंचायतों की परेशानी बढ़ गई है। दरअसल, लेखापाल के रिटायर होने के बाद अब तक किसी को प्रभार ही नहीं मिला। इसके कारण पंचायतों को राशि का आबंटन नही हो पाया है। पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में लगे मजदूर एवं सामाग्री सप्लायर का भुगतान अटक गया है, जिससे वे तगादा करने पर उतारू हो गए हैं। वहीं, ग्रामीणों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं।

दरअसल, ग्राम पंचायतों को पेयजल एवं स्वच्छता के लिए केंद्र सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों को आबादी के हिसाब से हर वर्ष 5 लाख से लेकर 20 लाख रुपए तक राशि जारी की जाती है। यह राशि राज्य सरकार के पास आने के बाद सीधे पंचायतों के बैंक खातों में जमा किया जाता है। वहीं, इसी वित्त की राशि का एक किस्त जनपद पंचायतों के माध्यम से प्रदान किया जाता है, जो कि प्रशासनिक कार्य एवं निर्माण कार्यों के लिए होता है। लेकिन, इस वर्ष लोकसभा के लगी आचार संहिता के कारण विलंब से आई है। जानकारी के मुताबिक यहीं 15 वें की राशि करीब एक सप्ताह पूर्व जिला पंचायत के पास आ चुकी है।



पहले से ही तीन माह विलंब होने के कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहे पंचायतों के लिए यह राशि काफी हद तक राहत देने वाली है। लेकिन, अब तक इस राशि का पंचायतों को आबंटन नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि जिला पंचायत के लेखापाल कश्यप का रिटायरमेंट हो चुका है और नए वित्त प्रभारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण इस राशि का आंबटन रूका हुआ है।

### लेखापाल की नियुक्ति नहीं होने से अटका भुगतान

सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि 15 वें वित्त की राशि जिला पंचायत में एक सप्ताह पूर्व आ चुकी है, जिसे जनपदों के माध्यम से ग्राम पंचायतों जारी किया जाना है। जानकारी लेने पर पता चला कि जिपं के लेखापाल का रिटायरमेंट हो चुका है और नई नियुक्ति नहीं होने के कारण पंचायतों को जारी नहीं हो पा रहा है। इसी प्रकार मूलभूत की राशि भी अटकी हुई है। इसके चलते परेशानी बढ़ गई है।

### चार दिन पूर्व आई है, आबंटन प्रक्रिया में लगता है समय

जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि राज्य शासन की ओर ट्रेजरी में 15 वें वित्त की राशि पारित किया जाता है। फिर शासन से जनपद एवं ग्राम पंचायतों के खातों में जमा कर दिया जाता है। यह एक प्रशासनिक प्रक्रिया है। इसमें समय लगता है। अभी चार दिन पहले ट्रेजरी के पास यह राशि पहुंची है। इसलिए, ग्राम पंचायतों को राशि जारी करने में करीब एक सप्ताह का समय और लग सकता है।

## 70 लीटर अवैध शराब, 600 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध रूप से आसवित कच्ची शराब के सेवन से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है।

बुधवार को आबकारी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बसना थानांतर्गत ग्राम जमड़ी के झोरकी नाला के किनारे बांस एवं नीम पेड़ के नीचे कुछ लोगों द्वारा विक्रय हेतु काफी शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर संयुक्त आबकारी टीम बसना एवं सरायपाली द्वारा दबिश दी गई। उक्त नाला के पास तलाशी ली जाने पर एक नग चढ़ी भट्ठी से मदिरा निर्माण कार्य जारी होना पाया गया। मौक़े पर 70 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब कीमत 14000 रुपए, 600 किलोग्राम महुआ लाहन कीमत 30000 रुपए तथा एक सेट मदिरा निर्माण सामग्री बरामद हुआ।

आबकारी टीम को देख आरोपी वहां से फरार हो गए। आरोपी की पतासाजी की गई, कोई पता नहीं चलने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (1)क, च, इ एवं 34(2) आब. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लेते हुए आरोपी की पतासाजी की जा रही है। उपरोक्त कार्रवाई नितेश सिंह बैंस आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बसना एवं दरसराम सोनी आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त सरायपाली की संयुक्त टीम द्वारा की गई, जिसमें आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

# रेत का अवैध परिवहन करते 9 हाईवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा बुधवार को रेत के अवैध परिवहन की सूचना पर ग्राम पीढ़ी में जांच के दौरान बल्दा कछार (बलौदाबजार) से रेत का अवैध परिवहन करते 01 हाइवा जब्त कर थाना तुमगांव की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। इसी तरह आज अवैध रेत परिवहन की सूचना पर सिरपुर क्षेत्र में खनिज विभाग द्वारा जांच कर 08 हाइवा वाहन को जब्त किया गया है। उक्त सभी हाइवा वाहन ग्राम बल्दाकाछार (बलौदाबाज़ार) से रेत लोड कर परिवहन कर रहे थे। सभी 08 हाइवा वाहन को सिटी कोतवाली महासमुंद की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।

### नशे की हालत में युवती से गाली गलौज

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना में एक युवती के साथ शराब के नशे में धुत व्यक्ति द्वारा अभद्रतापूर्वक व्यवहार एवं गाली गलौच करने पर मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थिया सिमरन सलूजा ने पुलिस को बताया है कि प्रतिदिन वह चंडी माता मंदिर में संध्या आरती में शामिल होने जाती है कि मंगलवार के दिन मंदिर आरती में शामिल होने गई थी। शाम करीबन 7.15 बजे से 7.30 बजे के मध्य सतीश उर्फ अन्नू तिवारी निवासी घुंचापाली चंडी मंदिर में शराब का सेवन कर आया था और वहां अभद्रतापूर्वक व्यवहार कर रहा था। जब मैंने कहा आप शराब का सेवन कर आए हैं तो कृपया मंदिर से नीचे उतर जाएं, इस पर उसने गाली गलौच देना शुरू कर दिया पुलिस ने मामले कि शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## समस्या...



**महासमुंद।** अमृत भारत योजना के तहत महासमुंद स्टेशन का किए जा रहे कायाकल्प के कारण अस्थायी रूप से बनाए गए टिकट विंडो तक जाने के लिए यात्रियों को बारिश से भरे पानी को पार कर जाना पड़ रहा है। निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गेट के बाहर बारिश होते ही टखने तक पानी भर जाता है, जिसे पार कर यात्रियों को टिकट घर तक जाना पड़ता है।

## मुढ़ेना के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

# फर्शी पत्थर उत्खनन के विरोध में उतरे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वृक्षारोपण वाली जगह पर अवैध रूप से किए जा रहे फर्शी पत्थर उत्खनन को लेकर गुरुवार को ग्राम मुढ़ेना के सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचे और अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि गौण खनिज नियमों का पालन किए बगैर फर्शी संचालकों द्वारा अपनी मनमानी कर रहे हैं, जिससे गांव में अशांति का माहौल है।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम मुढ़ेना में स्थित खसरा नंबर 353/1 में पर्यावरण की दृष्टि से निषाद समाज द्वारा वर्षों पूर्व वृक्षारोपण का कार्य किया गया था, जिसमें 26 अक्टूबर 2015 में श्री शंकर कामगार सोसायटी द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा था। उस पर रोक लगाया गया था। लेकिन, अब फिर से 21 दिसंबर 2023 से उसी जगह पर छत्रपाल सिंह पिता स्व. रतन लाल सिंह द्वारा वृक्षों की कटाई कर अवैध उत्खनन शुरू कर दिया गया है। उक्त खदान नदी से 100 मीटर की दूरी पर है। लेकिन, लीज की भूमि कम होने के गौण खनिज नियमों की अनदेखी कर खदान का क्षेत्रफल लगातार बढ़ाया जा रहा है।




इस खदान के पास ही शिव मंदिर, मुक्तिधाम तथा आसपास की भूमि में वृक्षारोपण किया गया है, जहां पर खदान का कूड़ा कचरा अव्यवस्थित ढंग से डंप किया जा रहा। आसपास खदान संचालित किए जाने से ग्रामीणों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

जिससे गांव का माहौल बिगड़ने लगा है और कभी भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अवैध उत्खनन किए जाने से पर्यावरण का भी नुकसान हो रहा है। इसलिए, इस पर तत्काल रोक लगाया जाना जरूरी हो गया है।

### जिले में अब तक 927.3 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 927.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 1279.6 मिलीमीटर, बसना में 1021.5 मिलीमीटर, बागबाहरा में 900.0 मिलीमीटर, महासमुंद में 840.3 मिलीमीटर, कोमाखान में 770.1 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 752.3 मिलीमीटर सरायपाली तहसील में दर्ज की गई। आज 26 सितंबर को 6.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 18.8 मिलीमीटर, सरायपाली में 7.0 मिलीमीटर, महासमुंद में 5.0 मिलीमीटर, बागबाहरा में 3.0 मिलीमीटर, बसना में 1.7 मिलीमीटर एवं कोमाखान तहसील में 0.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### कुपोषण मुक्ति को लेकर तोरेसिंघा में निकाली मशाल रैली

**सरायपाली**। महिला बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति हेतु ग्राम पंचायत तोषगांव सेक्टर के तोरेसिंघा में मशाल रैली निकाल कर लोगों में जन जागरूकता लाया गया। सेक्टर सुपरवाजर स्वरूपा भोई द्वारा पालकों को पोषण संबंधित जानकारी देकर नारा लगाया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कस्तूरी कर सरिता विशाल सुभाषिनी भोई व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद**। ग्राम खरसा में युवा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। अशवंत तुषार साहू ने संबोधन में कहा कि आत्मविश्वास विकसित करके प्रेरक परिवेश की जांच करते हैं जो बढ़ते आत्म-विश्वास को प्राथमिकता देते हैं। यह मानव जीवन को नई संभावनाओं और समस्याओं का विश्लेषण करने की अनुमति देकर अपनी खुद की अलग पहचान बनाने में सक्षम बनाता है। मनुष्य सीमाओं को स्वीकार करके और उन पर विजय प्राप्त करके अपने व्यक्तित्व का विस्तार करते हैं, चाहे वह संस्कृतिक कलाकृति और नेटवर्क कार्यों के माध्यम से हो। कार्यक्रम में युवा नेता डॉ कृष्णा पटेल, राहुल साहू, दुर्गेश निषाद, नीलकंठ यादव आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी में बालिकओं ने बनाई रंगोली

**बागबाहरा**। पोषण माह के कार्यक्रम के तहत बागबाहरा सेक्टर के वार्ड क्रमांक 3 व 4 के आंगनबाड़ी केंद्रों में किशोरी बालिकाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें किशोरी बालिकाओं व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जया ठाकुर, बेना राव व सहायिका सोनिया यादव व हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

### पोषण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बागबाहरा**। बागबाहरा सेक्टर में महिला एवं बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी वार्ड क्रमांक 03 में पोषण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती, शिशुवती महिलाएं व माताओं को पोषण प्रदर्शन के माध्यम से संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ता जया ठाकुर, सहायिका मोनिका यादव व हितग्राहियों का योगदान रहा है।

### मेंहदी व रंगोली बनाकर सुपोषण का संदेश दिया

**महासमुंद**। बड़गांव के आंगनबड़ी केंद्र क्रमांक एक व दो में पोषण माह के अंतर्गत वजन त्यौहार मनाया गया एवं सुपोषण देने वाले खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाकर जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हिरौंदी निषाद ने कुपोषण दूर करने के लिए गर्भवती माताओं व शिशुओं को रेडी टू ईट खिलाने के लाभ पर जानकारी दी और कहा कि पोषण युक्त आहार लेने से वजन बढ़ता है साथ ही शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए माताओं को सजग रहना आवश्यक है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को जागरूक व सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। हाथ में मेहंदी से सही पोषण देश रोशन लिखकर और रंगोली बनाकर पोषण जागरूकता का संदेश दिया।

## जन जागरण : गांधी आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह ने सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया

# भारत निर्माण अभियान के तहत नशामुक्ति जागरूकता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विगत 24 वर्षों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को जनमानस तक पहुंचाने एवं नशामुक्त भारत निर्माण हेतु कृत संकल्पित गांधी आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह के तत्वावधान में नशा उन्मूलन, नशामुक्ति संकल्प कार्यक्रम, नशामुक्ति रैली तथा 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

वर्तमान समय में कम उम्र के बच्चों द्वारा नशापान की ओर बढ़ते कदम, नशापान से सड़क दुर्घटना, असमय में मृत्यु, बलात्कार हत्या जैसे जघन्य अपराध, सड़क दुर्घटना को देखते हुए महाविद्यालय, हायर सेकंडरी, हाईस्कूलों में नशामुक्ति जागरूकता अभियान के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन एवं आबकारी एक्ट से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन प्रथम चरण में वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली एवं डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में आयोजित किया गया। सरायपाली विकासखंड सहित धीरे-धीरे छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों एवं हायर सेकेंडरी, हाई स्कूलों में नशामुक्ति संबंधित भाषण तथा परीक्षा आयोजित कर नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली एवं महाविद्यालय के रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, नशामुक्त अभियान प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान तथा डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा कैरियर गाइडेंस व प्लेसमेंट सेल, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में गांधी के जीवन से एवं आबकारी एक्ट तथा छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 26 सितंबर को किया गया। दोनों महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा पूर्ण रूप से निशुल्क था। महाविद्यालय में अध्यनरत नियमित विद्यार्थी ही सम्मिलित हुए। प्रश्न पेपर भी दोनों महाविद्यालयों द्वारा तैयार किया गया। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी परीक्षा में वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में 300 छात्र छात्राओं ने तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा से 277 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रश्न पेपर जांचने का कार्य



भी दोनों महाविद्यालयों द्वारा किया जाएगा।। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित प्रत्येक विद्यार्थी को सांत्वना पुरस्कार युवा समाज सेवी रुपेश कुमार द्वारा प्रदान किया जाएगा।

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए रहेगा। डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा 2024 में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए रहेगा। पुरस्कार युवा समाज सेवी रूपेश कुमार द्वारा प्रदान किया जाएगा। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में नशामुक्ति एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 30 सितंबर को भारत स्काउट गाइड सरायपाली के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी के मुख्य आतिथ्य, अध्यक्षता पीके भोई प्राचार्या वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली, विशिष्ट अतिथि नम्रता चौबे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली तथा युवा समाज सेवी रुपेश कुमार होंगे।

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा को सफल बनाने में वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्रमुख रूप से प्राचार्या पी के भोई, डॉ संध्या भोई, डॉ राधेश्याम पटेल, खीरसागर पटेल, दीपक कुमार पारेश्वर, गायत्री प्रसाद पटेल, खुशबू पटेल, कुमारी सुष्मिता भोई, नरेश कुमार जगत, प्रवीण कुमार साहू, बनीता साहू, राजकिशोर पटेल, डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में प्राचार्या अनीता चौधरी, गजानंद नायक संयोजक रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, रमेश पटेल, जितेंद्र पटेल, कमला दीवान, किरण कुमारी, अंजला लकड़ा, ऋतुराज भोई, माधुरी प्रधान, सहायक प्राध्यापक, मुकेश नाग, विद्याकांत कश्यप, दुर्योधन सिदार, विनोद मिर्धा, सूर्यकांत गांधी आदर्शवादी सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रहास प्रधान, उपाध्यक्ष तिलकराम पटेल, संयोजक दुखनाशन प्रधान, सचिव भवभंजन प्रधान, प्रफुल्ल सराफ का विशेष योगदान रहा।

# पूर्व विधायक डॉ. चोपड़ा के नेतृत्व में पासिद में चला भाजपा का सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनसंघ (वर्तमान भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, महान राजनेता, लेखक और चिंतक पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन के अवसर पर 25 सितंबर को पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पासिद और आश्रित ग्राम मुड़ियाडीह (सिरपुर) में 25 को सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें ऑफलाइन फॉर्म द्वारा 106 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन और उनके त्याग का परिचय देते हुए उनकी छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर नमन करते हुए सदस्यता अभियान कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।



डॉ. चोपड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में महासमुंद जिले के सीमावर्ती, दूरवर्ती, वनांचल ग्राम पासिद और कच्चे रास्तों वाले आश्रित ग्राम मुड़ियाडीह में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें गांव के सैकड़ों लोगों को भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए, उन्हे योजनाओं के लाभ लेने हेतु प्रेरित किया, और 106 लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। नेटवर्क न होने के चलते दोनों गांवों के ग्रामीणों को ऑफलाइन प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान सत्तर से 75 साल की वृद्ध महिलाओं और पुरुषों ने उत्साह पूर्वक सदस्यता ग्रहण की।

डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा अभियान का मुख्य उद्देश्य जन-जन को भाजपा की राष्ट्र निर्माण की भावना का जानकारी देना, भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और 2047 तक भारत को एक पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने की योजना से जोड़ना और संगठित करना है। आगे और भाजपा का सदस्य बनने के लिए लोगों को स्त्रोत के बारे में बताया गया। मिस कॉल, व्हाट्सएप चैटबॉट, भारतीय जनता पार्टी की वेबसाइट, क्यूआर कोड, नमो ऐप और प्राथमिक सदस्य की रेफरल लिंक के माध्यम से जिससे लोग सदस्यता ग्रहण कर सकेंगे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पासिद के सरपंच लाला निषाद, उपसरपंच सीताराम निषाद, ग्राम सचिव कमलेश्वर ध्रुव, महेश साहू, चुम्मन साहू, राजेंद्र ध्रुव, नोहर ध्रुव, बिहारी साहू, मनोज निषाद, ईश्वर निषाद, राजकुमार ध्रुव, रामदयाल निषाद, बिसेसर नेगी, जितेंद्र यादव, मंगलू विश्वकर्मा, नेमचंद जायसवाल, रोहित साहू, पुसऊ निषाद, सुंदरलाल साहू, भोला नायक, (चुहरी) से राजकुमार ध्रुव, पवन यादव, (मुड़ियाडीह) से मुखी पटेल, पंच रामेश्वर ध्रुव, मनोहर ध्रुव, होमन निषाद, (कर्राडीह) से आनंद ध्रुव, बीरसिंग ध्रुव, (सिरपुर) से गोपी ध्रुव, शंकर ध्रुव, कुबेर निषाद, (मरौद) से सोहन साहू, पंचू साहू, (रायकेरा) से चैतराम ध्रुव, (खमतराई) से मनोहर ध्रुव और बड़ी संख्या में पासीद और मुड़िया डीह के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मुनगासेर में सहकारी बैंक की शाखा खोलने की मांग को लेकर चल रहा है आंदोलन

**महासमुंद**। बागबाहरा ब्लॉक खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में जिला सहकारी बैंक की स्वीकृत नवीन शाखा मुनगासेर में नहीं खोले जाने पर बाघामुड़ा धान खरीदी समिति क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

धान खरीदी समिति बाघामुड़ा में क्षेत्र के किसानों की बैठक आंदोलन के नेतृत्वकर्ता किसान नेता हितेश चंद्राकर के अगुवाई हुई। बैठक में उपस्थित प्रमुख किसान बाघामुड़ा समिति के पूर्व अध्यक्ष कुमार, रेड्डी सरपंच एडिशन ठाकुर, देवनारायण देवांगन, कुलेश चंद्राकर आदि प्रमुख किसानों ने कहा कि जिला सहकारी बैंक कोमाखान बैंक में धान का भुगतान लेने गए किसानों को मंदिर के सामने बैठे भीख मांगने वाले भिखारियों से भी बदतर स्थिति से गुजरना पड़ता है। मंदिर के सामने बैठे भिखारी भी इज्जत के साथ भीख मांगते बैठे रहते हैं, लेकिन हम अन्नदाता किसानों की स्थिति उससे भी बदतर रहती है। जब तक कोमाखान जिला सहकारी बैंक कार्यक्षेत्र में एक और बैंक नहीं खुलेगा तब तक किसानों को वर्तमान स्थिति से गुजरना पड़ेगा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर मुनगासेर में स्वीकृत नवीन शाखा को अभी खोलना नहीं चाहता और किसानों द्वारा मांग करने पर जब तक कर्मचारियों की नई भर्ती नहीं हो जाती तब तक शाखा नहीं खोला जा सकता।

इस तरह कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर स्वीकृत नवीन शाखा को अधिक से अधिक समय के लिए टालना चाहता है। जिला सहकारी बैंक रायपुर कम खर्च में अपना कमाई देख रहा हैं उनको किसानों की तकलीफ से कोई मतलब नहीं। जबकि रिजर्व बैंक ऑफ



इंडिया मुनगासेर में नवीन शाखा खेलने अनुमति प्रदान कर दी है। स्वीकृत नवीन शाखा के खुलने पर ही भुगतान संबंधित समस्या का एकमात्र हल है। जिसके लिए अन्न जल को त्याग कर अनशन में बैठने का निर्णय लिए हुए आंदोलन के नेतृत्व कर्ता जनपद अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर एवं किसान नेता हितेश चंद्राकर के साथ 2 अक्टूबर को मुनगासेर में अनशन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना होगा और हम किसानों को शक्ति दिखाना होगा तभी नवीन शाखा मुनगासेर में खुलेगा। उपस्थित प्रमुख किसानों ने निर्णय लिया कि गांव में बैठक कर सभी घर से एक-एक किसान को अनिवार्य रूप से जाना होगा। जिसके लिए सभी ने एकमात्र होकर सहमति प्रदान की। बैठक में प्रमुख रूप से ठाकुर राम चंद्राकर, गोरेलाल चंद्राकर, वीर सिंह दीवान, लीलाधर चंद्राकर, रामजी साहू, विराट राम साहू, दिनेश संतोष दीवान, संतोष चंद्राकर, ईश्वर दीवान, आत्माराम दीवान, मनोज चंद्राकर, दिगेश साहू, अश्विनी देवांगन, संतोष देवांगन आदि किसान उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार हवा में बना रही गरीबों के आवास: चंद्राकर

**महासमुंद**। भाजपा सरकार झूठ की बुनियाद पर गरीबों की इमारत बना रही है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सैंकड़ों पात्र लोगों के आवास आज तक नहीं बन पाए। उपरोक्त आरोप नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर लगाते हुए कहा कि बीजेपी सरकार गरीबों का मजाक उड़ा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर सिर्फ और सिर्फ झूठा आंकड़ा बनाकर



वाहवाही बटोर रही है। चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद नगरीय निकाय से सत्र 2023 में 110 स्वीकृत आवास के बाद आज तक एक आवास की स्वीकृति नगर पालिका के लिए नहीं की गई है। दूसरी तरफ राज्य सरकार हजारों आवास बनाने का दम भर रही है। राज्य सरकार ने अपने 9 महीने के कार्यकाल में पूर्व भूपेश सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए प्रधानमंत्री आवास के अलावा अब तक एक आवास बना नही पा रही है। इससे यह समझ आता है कि किस प्रकार भाजपा सरकार हवा में गरीबों के आवास बना रही है और लाखों रुपए प्रधानमंत्री आवास योजना के होर्डिंग पोस्टर पर खर्च कर सिर्फ विज्ञापनों में गरीबों का घर बना रही है। महज झूठा प्रचार प्रसार कर प्रधानमंत्री आवास का दिखावा किया जा रहा है जबकि जमीनी हकीकत ये है की जून 2023 के बाद नए आवास की स्वीकृति तक नहीं हो पा रही है। चंद्राकर ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा की वे सही मायने में अगर नगरीय निकायों में गरीबों का आवास बनाना चाहती है तो तत्काल जरूरतमंदों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान कर अविलंब कार्य शुरू करना चाहिए। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी को राज्य की जनता समझ चुकी है सत्ता में आने से पहले जो गारंटी के नाम पर प्रदेश की जनता को सपना बीजेपी ने दिखाया था उस गारंटी का क्या हाल है यह किसी से छुपा नहीं है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा महज जुमला निकला। इसका जवाब नगरीय निकाय चुनाव में आम जनता के द्वारा दिया जाएगा। भाजपा सरकार की मोदी की गारंटी के संकल्प पत्र में अंकित एक-एक बिंदु का राज्य की जनता भाजपा से हिसाब जरूर मांगेगी।

# नवमीं की छात्राओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय हाई स्कूल खोपली में छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि अलका नरेश चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य रही। अध्यक्षता शाला प्रबंध समिति के अध्यक्षता दिनेश चंद्राकर, विशेष अतिथि संजय मालवे जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष भाजपा, नंदू सोनी पूर्व पार्षद, महेंद्र गुप्ता जिला मंत्री रमन लाल वर्मा सरपंच खोपली, भीमसेन चंद्राकर, हीरा लाल चंद्राकर, पन्ना लाल, डेविड साहू, गजेंद्र साहू, पुष्कर, निरंकार चंद्राकर, जयंती चंद्राकर, रूप लाल, गौरी टांडेय एवं शाला परिवार से भोपाल बंजारा प्राचार्य, प्रदीप वर्मा संकुल समन्वयक, महेंद्र बंजारे, प्रमिला साहू, ममता साहू, पुष्पा चंद्राकर, सोहद्रा देवांगन रहे।



इस मौके पर भीमसेन चंद्राकर पूर्व संकुल समन्वयक ने शासन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त महती योजना पर प्रकाश डालते हुए जानकारी दी। संजय मालवे द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ साथ खेलकूद द्वारा भी अपनी भविष्य संवार सकते हैं। मुख्य अतिथि अलका द्वारा सरस्वती साइकिल योजना की महती योजना के बारे में प्रकाश डाला गया, बच्चों को पढ़ाई के लिए विशेष जोर दिया गया, शिक्षा के द्वारा अपने भविष्य को संवारा जा सकता है, साथ ही साथ नशापान से दूर रहकर अपने परिवार के वातावरण को भी सुधार किया जा सकता है। शिक्षा को अपना हथियार बना कर आने वाले भविष्य को संवारा जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने शाला में फ्लोरिंग के लिए टाइल्स लगाने के लिए घोषणा भी की गई। सांस्कृतिक मंच बनाने, साइकिल स्टैंड के लिए भी घोषणा की गई। इसके लिए शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कक्षा 9वी के 38 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य भोपाल सिंह बंजारा द्वारा किया गया। मंच संचालन महेंद्र बंजारे व्याख्याता द्वारा किया गया।



## बूथ में डोर टू डोर पहुंचकर भाजपा की प्रचार सामग्री दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता मोर बूथ मोर अभियान के तहत बूथ नं. 182 में पार्षद हफीज कुरैशी बूथ अध्यक्ष महेश चौहान अमृत पाटकर द्वारा 100 सदस्य बनाये गए।

सुबह 11 बजे से रात 7 बजे तक बूथ में डोर टू डोर पंहुचकर भाजपा की प्रचार सामग्री दी गई तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई गई। लोगों में सदस्य बनने के लिए अधिक उत्साह देखा गया। सदस्यता ग्रहण के उपरांत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ओर से बधाई दी गई।

# नकारात्मक विचारों को दूर करने के लिए करें मेडिटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सफलतापूर्वक सुख-शांति से जीवन जीना भी एक कला है। आज चारो ओर अशांति, दुख, भय, चिंता का माहौल है। ऐसे में हर कोई सुख, शांति खुशी से जीवन जीने की कला सीखना चाहता है। जीवन को सुखमय बनाने के लिए हमें सबसे पहले अपने विचारों को स्वच्छ, श्रेष्ठ बनाना है और इसमें मेडिटेशन का बहुत बडा योगदान है। मेडिटेशन द्वारा हम नकारात्मक विचारों के ऊपर विजय प्राप्त कर सकते है। उक्त उदगार ब्रह्माकुमारी संस्था के मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से आए हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने व्यक्त किया। वे स्थानीय ब्रह्मा कुमारीज राजयोग सेवा केंद्र पर खुशहाल जीवन हेतु सकारात्मक विचार विषय पर बोल रहे रहे।

भगवान भाई ने कहा कि अपने नकारात्मक विचारों से सावधान रहें और उन्हें आशावादी और स्वस्थ विचारों से चुनौती देने का प्रयास करें। अपने विचारों पर ध्यान देना शुरू करें और जैसे ही नकारात्मक विचार आपके दिमाग में घूमने लगें, शांति से और बल प्रयोग किए बिना, उन्हें रचनात्मक, खुश और सकारात्मक विचारों से बदल दें। उन्होंने कहा की कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता और हम अक्सर गलतियां करते हैं और असफलता का अनुभव करते हैं। इस बात पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय कि आप कैसे



असफल हुए, इस बारे में सोचें कि आप अगली बार क्या करने जा रहे हैं। अपनी असफलता को एक सबक में बदलें। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज की प्रभारी बीके आहिल्या बहन ने मेडिटेशन का महत्व बताते हुए सभी का शब्दों से स्वागत किया। सकारात्मक और रचनात्मक जीवन पद्धति के ऊपर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि नकारात्मक विचारों को हम अपने सकारात्मक वाइब्रेशन के द्वारा कैसे दूर करें और इसमें राजयोग मेडिटेशन की क्या मुख्य भूमिका है इसके ऊपर प्रकाश डाला। हीरालाल पटेल ने कहा राजयोग के नित्य अभ्यास से ही हमारा मनोबल और आत्मबल बढ़ता है। उन्होंने ने कहा कि वर्तमान की परिवेश में हर एक को किसी न किसी बात का तनाव जरूर होता है।

राजयोग द्वारा तनाव मुक्त बन सकते है। कार्यक्रम में बीके योगेश्वरी बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय दिया और मंच संचालन किया गया कार्यक्रम के अंत में भगवान भाई ने मनोबल, आत्मबल बढ़ाने के लिए राज योग भी कराया। इस अवसर पर अनेक बहनें व भाई उपस्थित रहे।

## महासभा के लिए केंद्रीय समिति से करेगी मांग

**सरायपाली**। अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र की बैठक फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी, जिसमें क्षेत्रीय पदाधिकारी सहित परिक्षेत्र अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रीय महासभा का आयोजन सरायपाली क्षेत्र में करने पर विचार विमर्श किया गया, उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के दौरान केंद्रीय समिति से महासभा आयोजित करने अनुमति मिलने पर सरायपाली के सिंघोड़ा स्थित रूद्रेश्वरी मंदिर में केंद्रीय महासभा रखने सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। बैठक के दौरान निर्माणधीन पैता धाम (राधा कृष्ण मंदिर) के आय-व्यय विवरण



प्रस्तुत किया गया। और सभी परिक्षेत्र अध्यक्षों को आय-व्यय के विवरण की छायाप्रति प्रदान की गई। साथ ही विगत 10 वर्ष पूर्व के क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा तत्कालीन कार्यकाल का आय व्यय प्रस्तुत नहीं किया गया, जिन्हें पत्र जारी कर आय-व्यय प्रस्तुत करने प्रस्ताव पास किया गया है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से अघरिया समाज के अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष लव कुमार पटेल, केंद्रीय प्रतिनिधि नेहरू चौधरी, कामता प्रसाद पटेल, शोभाराम पटेल, डोलचंद पटेल, भोलानाथ नायक, लकेश्वर नायक, देवेंद्र पटेल, बलिराम पटेल, अविनाश पटेल, श्यामलाल पटेल, दरशराम पटेल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजन : 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

# क्षमता, मेहनत और आत्मविश्वास मायने रखता है: सांसद रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम का समापन खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। विजेता खिलाड़ियां को सांसद रूपकुमारी चौधरी व विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के हाथों कप और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बस्तर एवं बिलासपुर संभाग संयुक्त रूप से ओवर ऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया। इस दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह भी मौजूद थे।




समापन अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में टीम भावना के साथ खेलने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेलों में हार-जीत से बढ़कर हमारे अंदर की क्षमता, मेहनत और आत्मविश्वास मायने रखता है। जो खिलाड़ी मैदान में उतरे, वे पहले से ही विजेता हैं, क्योंकि उन्होंने अपने डर और कमजोरियों पर विजय प्राप्त की है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अपनी प्रतिभा और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किए है। आप सभी इसी तरह राज्य को गौरवान्वित करते रहें। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के अलावा मैदान पर खेलते देखना सुखद होता है। खेल का मैदान भी एक तरह की पाठशाला है।

यहां हार और जीत से ज्यादा आवश्यक मैदान में उतरकर खेलना है। ये आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाते है। आप सभी ने खेल भावना, जोश और उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिए और अनुशासन भी बनाए रखा यह वास्तव में एक सच्चे खिलाड़ी की पहचान है।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पूर्व नपा अध्यक्ष पवन पटेल, स्काउट संघ अध्यक्ष ऐतराम साहू, प्रदीप चंद्राकर, पार्षदगण महेन्द्र जैन, मीना वर्मा, मुन्ना देवार, मनीष शर्मा एवं कौशिल्या बंसल, आनंद साहू, प्रकाश शर्मा, हनीश बग्गा, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक संचालक नंद कुमार सिन्हा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, खेल से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी और खेल प्रेमी जन मौजूद थे। विदित है कि 23 से 26 सितंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, सरगुजा सहित कुल 5 जोन से कुल 360 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में कुल 03 खेल शामिल किए गए थे। जिसमें कबड्डी में 19 वर्ष बालक/बालिका, खो-खो में 14 वर्ष बालक/बालिका एवं रग्बी में 17 वर्ष बालक/ बालिका कुल 180-180 बालक/ बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम

कबड्डी 19 वर्ष (बालक) विजेता - बिलासपुर, उप विजेता रायपुर, तृतीय दुर्ग, (बालिका वर्ग) विजेता- रायपुर, उप विजेता बिलासपुर तृतीय दुर्ग, खो-खो 14 वर्ष (बालक) विजेता-बस्तर, उप विजेता दुर्ग, तृतीय रायपुर, (बालिका वर्ग) विजेता- बस्तर, उप विजेता बिलासपुर, तृतीय दुर्ग, रग्बी 17 वर्ष (बालक) विजेता - बस्तर, उप विजेता रायपुर, तृतीय बिलासपुर, (बालिका वर्ग) विजेता- बिलासपुर, उप विजेता बस्तर, तृतीय दुर्ग रहा।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

साहू सदन में श्रीमद भागवत कथा जारी

# हमारे जीवन का सबसे बुरा दिन वह है जब हम भगवान का स्मरण नही करते : आचार्य शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भागवत ऐसा ग्रन्थ है जिसका स्मरण मात्र से ही कल्याण हो जाता है। जो वेदों का सार है वह श्रीमद्भगवत है। मनुष्य को ह्रदय एवम आत्मा को पवित्र कर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। हमारे जीवन का सबसे बुरा दिन वह है जब हम भगवान का स्मरण नही करते है। उक्त बातें आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने साहू सदन में आयोजित भागवतकथा महोत्सव के दूसरे दिन कही। पूजा और भक्ति के अंतर को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि पूजा वह है जो हम प्रातःकालीन करते हैं और भक्ति वह है जो ठाकुर जी से हमारा रिश्ता बनने के बाद होता है।

धमतरी रुद्री रोड साहू सदन आमंत्रण हेरीटेज में दुखुराम साहू, नरेन्द्र, दीनदयाल, कौशल साहू के शुभ संकल्प से आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा के दूसरे दिन गुरुवार को विख्यात कथा वाचक आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का रसपान मनुष्य जीवित रहकर ही नही बल्कि मरने के बाद भी करता है। जो कथा का श्रवण मरने के पहले कर लेता है उसको मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया। श्री शास्त्री जी ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने उनका अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को डस लेगा। समीक ऋषि को जब यह पता चली तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है।



कथा के दौरान धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमे। कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरूष कथा सुनने पहुंचे। मुख्य रूप से पूर्व विधायक हर्षद मेहता, विपिन साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी जोशी, अवनेंद्र साहू, डिपेन्द्र साहू, कोमल सार्वा, सुनील साहू,बलराम साहू, बिहारी लाल साहू, संत राम ध्रुव,रामकृष्ण, आरआर पांडे, विजय पदमवार, जीआर साहू, प्रकाश श्रीवास्तव, एन के साहू, गौतम साहू, माधवेन्द्र हिरवानी, अर्चना साहू, माया साहू, गूंजा साहू, चांदनी सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण पहुंचे थे।

### वनस्पतिशास्त्र परिषद की यनिशा अध्यक्ष बनी

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र विभाग में वनस्पति शास्त्र परिषद का गठन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. एनएस देहारी ने परिषद गठन की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए परिषद के उद्देश्यों, सत्र में होने विभागीय कार्यक्रम व गतिविधियों के संचालन की जानकारी दी। बैठक में अध्यक्ष यनिशा एमएससी तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष अंजलि एमएससी प्रथम सेमेस्टर, सचिव अल्का साहू एमएससी तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव मातृका एमएससी प्रथम सेमेस्टर, कोषाध्यक्ष वैभव कोर्राम एमएससी तृतीय सेमेस्टर व हेमा साहू एमएससी प्रथम सेमेस्टर बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में कामेश कोर्राम एमएससी तृतीय सेमेस्टर तथा धानेश्वरी एमएससी प्रथम सेमेस्टर शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रो. आकांक्षा कश्यप सहायक प्राध्यापक, प्रो. मेनका साहू, युवराज कुमार, सन्तुराम सलाम, राकेश साहू का योगदान रहा। पदाधिकारियों के मनोनयन पर प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे तथा स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सिहावा शीतला शक्ति पीठ में नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ

तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शारदीय नवरात्रि गुरुवार 03 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है शीतला शक्ति पीठ सिहावा व्यापक तैयारी में जुटा हुआ है मन्दिर का रंग रोगन, साफ सफाई की जा रही है। प्रकाश व साउंड व्यवस्था, पूजा सामग्री, प्रचार प्रसार, भोजन प्रसादी आदि के लिये समिति के सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार 3 अक्टूबर से हो रहा है। सुबह 11.36 बजे से घट स्थापना परम्परागत रूप से की जायेगी, मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने के लिये पुजारी ज्ञानसागर पटेल, डॉआर एन पचौरी, निकेश बुक डिपो, किशोर भट्ट, के के परिहार, रामा राव बघेल, बलदेव निषाद, सपना बुक डिपो, नारायण प्रसाद पाठक, राजीव कम्प्यूटर, सुरेश विश्वकर्मा, हेमलाल साहू के पास रसीद कटा कर पंजीयन कराया जा रहा है। समिति द्वारा अंतिम तीन दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे।



नवरात्रि की तैयारी में प्रमुख संचालक विधायक अम्बिका मरकाम, कलम सिंह पवार, महासचिव नेम सिंह बिसेन, सह सचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गेंद लाल यादव, आचार्य चन्द्रहास दुबे, ठाकुर देव समिति के विजय पटेल, अंजोर निषाद, मंगाउ राम मरकाम, सोप सिंह, हीरकलाल नायक, आनंद राम, रामप्रसाद मरकाम सहित राजेश यदु, मंच संचालक तुकाराम साहू, गोरख शांडिल्य, गेंद लाल शांडिल्य , पुजारी ज्ञान सागर पटेल, परमेश्वर नेताम, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, छबि ठाकुर, रवि ठाकुर, संजय सारथीं, रामलाल नेताम, उत्तम साहू, प्रवीण गुप्ता, सचिन भंसाली, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, महेंद्र कौशल, कुँवर साहू, मंशा राम गौर, जग्गू साहू, नरेश पटेल, महेश साहू, लाल जी साहू, लोकेश पवार, संतोष पवार, ललित निर्मलकर, सुभाष यादव, महेंद्र साहू, अभय नेताम, ख़रिभान शांडिल्य, नवल साहू, दिनेश पटेल, दीनदयाल नागरची, बैजनाथ पटेल, बाल सिंह शोरी, तुलसी कुंजाम, सुंदरिया साहू, चरणबति नेताम आदि जुटे हुए हैं।



## खबर संक्षेप



### खरोरा में विविध प्रतियोगिता हुई

**महासमुंद।** राष्ट्रीय पोषण माह 1 से 30 सितंबर तक चल रहे हैं। ग्राम पंचायत खरोरा के आंगनबाड़ी केंद्र में 25 सितंबर को रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छोटी-छोटी बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें रंगोली एवं मेहंदी बनाई गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूनम चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गुलापा चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रागिनी चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलेखा शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोमिन झुलपे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुल्ताना बानो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री निषाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बिंदु ठाकुर, आंगनबाड़ी सहायिका ममता चंद्राकर, केशर सूर्यवंशी इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम विजेता अभिलाषा कुर्रे, द्वितीय विजेता पणिता बघेल, तृतीय विजेता खुशबू नारगो, इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम विजेता छाया कुर्रे, द्वितीय विजेता शोभिता सूर्यवंशी, तृतीय विजेता लक्ष्मी पटेला आदि उपस्थित रहे।



### प्राथमिक शाला भलेसर में विभिन्न कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला भलेसर में संकुल समन्वयक व प्रधान पाठक अक्की रेड्डी चंद्रशेखर डोरा के मार्गदर्शन व शिक्षिका दुर्गा यादव के नेतृत्व में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा है अभियान थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता तथा मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन कार्य किया जा रहा है इस कार्यक्रम में शिक्षिका मंजुलता साहू व नूतन दुबे सहित डीएड के छात्र अध्यापकों का योगदान रहा है।



### लोगों को दिलाई गई भाजपा की सदस्यता

**महासमुंद।** पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा की सदस्यता मोर बूथ मोर अभियान के तहत बूथ नं. 184 में पार्षद देवीचंद राठी के मार्गदर्शन में बूथ प्रभारी नईम खान, भाजपा नेता विक्की गुरुदत्ता के द्वारा 100 सदस्य बनाए गए। सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक बूथ में डोर टू डोर पंहुचकर भाजपा की प्रचार सामग्री दी गई तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई गई। खास बात यह है कि बूथ में शांति देवी पांडेय 85 वर्ष को भाजपा का सदस्य बनाया गया।

### बिरकोनी में बोर खनन पर रोक लगाने की मांग

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बिरकोनी द्वारा छग औद्योगिक विकास निगम रायपुर के प्रबंध संचालक को ज्ञापन सौंपकर औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी में अवैधानिक तरीके से हो रहे बोर खनन पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम बिरकोनी एवं औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी जिला-महासमुंद छ.ग. में औद्योगिक इकाईयों को महानदी से जल आपूर्ति की जा रही है फिर भी औद्योगिक विकास निगम की अनुमति के बिना बोर खनन किया गया है एवं अभी भी किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद, जल संसाधन विभाग महासमुंद एवं औद्योगिक विकास निगम रायपुर के अधिकारियों के निष्क्रियता का फायदा उद्यमियों द्वारा लिया जा रहा है जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि भू-जल का उपयोग औद्योगिक प्रयोजन में किया जाना प्रतिबंधित है और भू-जल के दोहन से शासन को भी राजस्व नुकसान हो रहा है।

# कस्तूरबा कन्या आश्रम सुनसुनिया में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर विशेष रूप से अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से व्यवहार न्यायालय बागबाहरा द्वारा विधिक साक्षरता के तत्वावधान में कस्तूरबा कन्या आश्रम सुनसुनिया में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अविनाश टोप्पो की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ बच्चों के द्वारा वंदना प्रस्तुत कर शुरू हुई,तत्पश्चात अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्राओं से संविधान से संबंधित संक्षिप्त चर्चा करते हुए भारतीय संविधान, मोटर वाहन अधिनियम, पास्को एक्ट, साइबर क्राइम, घरेलू हिंसा से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक ना होने पर व्यक्ति, दिव्यांग एवं महिलाएं निशुल्क विधिक सहायता ले सकते हैं। अतिथि ने वर्तमान समय में मोबाइल आदि के माध्यम से हो रहे क्राइम आदि के संबंध में आईटी एक्ट पर भी चर्चा की एवं निजता के



अधिकार को भी स्पष्ट किया साथ ही साथ आगामी भविष्य में लागू हो चुके भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत परिवर्तन के बारे में जागरूक रहने के लिए अवगत कराया।प्रश्नोत्तर के माध्यम से छात्राओं के विभिन्न शंकाओं का समाधान किया।

संस्था प्रमुख रक्षा साहू ने बताया कि विधिक जागरूकता से आप बच्चों को एक विशेष जानकारी प्राप्त होता है। न्यायालय नायब नाजिर हितेश दीवान, विधिक सेवा से धनंजय पटेल पुलिस विभाग से मनोज चंद्राकर उपस्थित रहे। साथ ही संस्था प्रमुख रक्षा साहू ने न्यायाधीश अविनाश टोप्पो को अपना बहुमूल्य समय देकर विधिक जानकारी देने एवं छात्रों को मार्गदर्शित करने के लिए आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान नायब नाजिर हितेश दीवान, अधिवक्ता वीरेंद्र शुक्ला,पुलिस विभाग से मनोज चंद्राकर, बीआरसी बागबाहरा भूपेंद्र निराला सहित सैकड़ों की संख्या में छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## आयोजन : खल्लारी में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण रैली का आयोजन

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कुपोषण से लड़ाई के लिए निकाली जनजागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

दैवीय माता तीर्थ व पर्यटन स्थल, ग्राम खल्लारी में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण रैली का आयोजन किया गया। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बागबाहरा के अंतर्गत भीमखोज सेक्टर के केंद्रों के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भीमखोज सेक्टर के पर्यवेक्षक सीमा नायक के उपस्थिति में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण महिलाएं, स्कूली बच्चों ने सुपोषण को लेकर जनजागरुकता रैली निकाली। आयोजन बागबाहरा परियोजना अधिकारी के निर्देशन पर भीमखोज सेक्टर पर्यवेक्षक सीमा नायक के मार्गदर्शन में 1 सितंबर से 11 सितंबर तक पोषण माह, 12 सितंबर से 22 सितंबर तक वजन त्यौहार मानया गया। वहीं 23 से 30 सितंबर तक जनजागरूकता व मशाल रैली जैसे स्वास्थ्य, सेहत, पोषण के क्षेत्र में अनेक आयोजन




चलाये जा रहे हैं। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र के ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में जनजागरुकता रैली में भीमखोज, खल्लारी, आंवराडबरी, कोमा, बोईरगांव, कोल्दा, बरबसपुर मोंहगांव, आमानारा कन्हारपुरी, एमकेबाहरा, ओंकारबंद, संहित क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता व सहायिका शामिल हुए। जनजागरुकता रैली के दौरान भीमखोज सेक्टर के पर्यवेक्षक सीमा नायक ने कहा की अच्छा पोषण स्वास्थ्य को बनाए रखने, बीमारियों को रोकने और जीवन की गुणवत्ता को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय पोषण माह जिला सहित पूरे भारत में राष्ट्रीय पोषण माह, पोषण अभियान के तहत एक पहल है, जिसका उद्देश्य कमजोर आबादी के लिए पोषण संबंधी परिणामों को बढ़ाना है। वहीं इन दिनों सितंबर माह में आयोजित यह कार्यक्रम को 7वां राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। आयोजन के सम्बन्ध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी बताया की राष्ट्रीय पोषण माह 2024 में अच्छी पोषण को लेकर जागरुकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य जांच और पोषण संबंधी पूरक आहार का वितरण किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह कुपोषण को दूर करने और बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के बीच बेहतर पोषण प्रथाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस दौरान प्रमुख रूप से खल्लारी सरपंच उमेश्वरी ठाकुर, पंच गायत्री ठाकुर, सेक्टर के पर्यवेक्षक सीमा नायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोमवारी यादव, अनसुईया चंद्रकार, चुन्नी साहू, राजकुमारी दीवान, अंगा साहिस, जमुना चक्रधारी, ममता बंजारे, पिनिता साहू, दामनी साहू, दुर्गावती ठाकुर, सीमा चंद्राकर, थनेश्वरी दीवान, तेजबाई साहू, डिगेश्वरी साहू, मनटोरा ठाकुर, सत्यवती यादव एवं ग्रामीण महिला, किशोरी बालिका व स्कूली बच्चे संहित आदि लोग प्रमुख रूप से बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## ओवरब्रिज के नीचे खेलप्रेमियों के लिए तैयार हो रहा मिनी खेल कोर्टः राशि



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने बुधवार को शहर के तुमगांव रोड में निर्मित ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगह पर पालिका द्वारा महानगरों की तर्ज पर कराए जा रहे निर्माणाधीन मिनी खेल कोर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पालिका के नवपदस्थ इंजीनियर शंकर दयाल शर्मा, उपअभियंता दिलीप कश्यप भी मौजूद रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष महिलांग ने निर्माण को लेकर शर्मा और कश्यप को निर्माण की गुणवत्ता की जांच करने और तैयार कार्ययोजना के तहत निर्माण हो इस पर ध्यान देने के साथ ही ठेकेदार को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। बता दें कि पालिका द्वारा शहर के खेल प्रेमियों की मांग पर ब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगह पर बास्केटबॉल, बाल बैडमिंटन और मिनी क्रिकेट खेल कोर्ट का निर्माण करने की मांग की गई थी।

इस दौरान उनके साथ पार्षद रिंकू चंद्राकर, सीताराम चेलक, यशवंत ठाकुर, नीरज परोहा, लता कैलाश चंद्राकर, माया पांडेय, अरिश अनवर, सगनजोत सिंघ, सोहेल खान, रोहित गुरुदत्ता, सागर पेंटर, असलम भाई सहित अन्य मौजूद रहें।

# दुर्गा प्रतिमाओं को दे रहे अंतिम रूप

**बोईरगांव (कोमाखान)।** पितृ पक्ष समाप्ति के बाद अब नवरात्र प्रारंभ हो जाएगी। मां शाकंभरी मूर्ति कला केंद्र में पटेल बंधु मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे हैं।

मूर्तिकार दीपक पटेल ने बताया कि खेल-खेल में नंदिया बैला, जाता चुकता वा गौरा गौरी की मूर्ति बनाने से शुरू हुआ। शौक अब बड़े व्यवसाय प्रतिवर्ष 5 से 6 लाख में परिवर्तित हो चुका है। हमने जब पंडाल में प्रवेश किया तो बहुत ही तल्लीनता से दोनों भाई मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए थे। लोग अब उनकी बनाए मूर्तियों को देख हैरान होने लगे है। मूर्तिकार दीपक



पटेल ने बताया कि मिट्टी लाने का काम फसल कटने के बाद से फागुन माह तक चलता है। खासकर बिंद्रावन ग्राम के जोंक नदी किनारे से दोमट वा काली मिट्टी का संग्रहण किया जाता है जो मूर्ति बनाने हेतु उत्तम किस्म की मिट्टी मानी जाती है।

गोलू पटेल ने बताया कि गणेश उत्सव के बाद से ही दुर्गा की मूर्ति बनाने का काम चालू हो जाता है तथा पंडाल सजने की तैयारी होने लगती है प्रतिदिन 8 से 10 घंटे मेहनत करके अपनी कलाकारी को अंजाम देते हैं। यहां की मूर्तियां ओडिशा के खरियार रोड, पदमपुर तथा छत्तीसगढ़ के लोग भी ले जाते हैं।

# हाईस्कूल बसना में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 24 सितंबर को विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य एसके पटेल के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी देवराज पाणीग्राही के निर्देशन में मनाया गया।विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका को सभी स्वयं सेवकों ने समझा तथा अपने आसपास के परिवेश के स्वच्छता के लिए प्रेरित करने तथा कार्य को संपादित करने की प्रेरणा ली। स्वयंसेवक अभिषेक दास, पवन वीरेंद्र, अर्जुन ने अपने भाषण में राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया और राष्ट्र की सेवा




हेतु हमेशा तत्पर रहने का संकल्प लिया। व्याख्याता टीके नायक द्वारा युवाओं का राष्ट्रीय हित में योगदान को बताया गया वीके महापात्र के द्वारा सेवकों को संस्कृत श्लोक के माध्यम से विद्यार्थी के लक्षण को समझाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एसके पटेल, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी आरके सोनी, एनसीसी अधिकारी संजय कर एवं विद्यालय के अन्य शिक्षकों के द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा कर किया गया। एनसीसी अधिकारी एस के कर द्वारा विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व के विकास हेतु लगातार मेहनत करने की बात कही पूर्व कार्यक्रम अधिकारी आरके सोनी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा गीत गाया गया एवं उन्हें अपने अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया।अंत में प्राचार्य महोदय एस के पटेल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा हेतु सीख दी गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी देवराज पाणीग्राही ने किया।

## पॉलीटेक्निक के छात्रों ने निकाली स्वच्छता रैली




**महासमुंद।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग भारत सरकार के माई भारत थीम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महासमुंद द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में ग्राम बरोंडा बाजार में प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर के सहयोग से स्वच्छता के प्रति रैली के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई।

# शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में हुए नेवता भोज में बच्चों को परोसे गए पौष्टिक भोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

बसना विकासखंड के प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साव के जन्मदिवस के अवसर पर उनके द्वारा नेवता भोज कार्यक्रम कराया गया। बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन कराने हेतु मुख्यमंत्री पोषण शक्ति योजना का आयोजन किया जा रहा है। नेवता भोजन में दाल, खाना, सब्जी, मीठा परोसा गया। नेवता भोजन ग्रहण कर बच्चे प्रसन्न हुए। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पालकों, बच्चों, शिक्षकों ने शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र साव को जन्म दिवस की बधाई दिए। कार्यक्रम में उपस्थित संकुल समन्वयक बड़ेटेमरी वारिश कुमार ने अपने संबोधन में नेवता भोजन से भोजन के पोषक तत्वों में वृद्धि और समाज के बीच अपनेपन की भावना विकसित होती है। उपसरपंच सुरेश साव ने अपने संबोधन में नेवता भोज से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने अपने संबोधन में नेवता भोज जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, विभिन्न त्यौहारों, राष्ट्रीय पर्व और खुशी के मौके पर दिया जा सकता है। बताया कि इस कार्यक्रम संकुल समन्वयक बड़ेटेमरी वारिश कुमार, उपसरपंच सुरेश कुमार साव, अध्यक्ष वीरेंद्र साव, डोलामनी, राधेश्याम,अन्नू, अयान, शिक्षिका तंजू साव, प्रीतम पटेल,नीलम कुमार और रसोइया खैरुन हुसैन उपस्थित थे। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने आभार प्रकट किया।



### सिंघोड़ा सेक्टर में चलाया जा रहा पोषण अभियान

**सरायपाली।** पोषण माह अंतर्गत सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ ही निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का वजन लिया जा रहा है ताकि बच्चों के पोषण स्तर की सही जानकारी मिल सके और जिन बच्चों में पोषण की कमी हो, उनके लिए उचित कदम उठाए जा सकें। सिंघोड़ा सेक्टर की सुपरवाइजर नबीना टांडिल्य ने पोषण और स्वास्थ्य पर जोर देते हुए बताया कि महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन 20 मिलीग्राम आयरन की आवश्यकता होती है।

# पीजी कॉलेज के रसायनशास्त्र विभाग ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय महप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रसायनशास्त्र विभाग द्वारा 25 सितंबर 2024 को प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन एवं करुणा दुबे विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन में रसायनशास्त्र तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। शैक्षणिक भ्रमण हेतु पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर रसायनशास्त्र अध्ययनशाला सीवी रमन हॉल में प्रो. डॉ केके घोष विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा एनईपी की नई शिक्षा नीति के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान किया सभी




छात्र छात्राओं का परिचय एवं उनके लक्ष्य की जानकारी लेकर, छात्र छात्राओं को लक्ष्य प्राप्ति के विभिन्न स्तर को बारीकी से बताया गया। डॉ. एम के देब द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणादायी विचार साझा किया। प्रो. इंद्रपाल करभाल द्वारा अपने रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ने को कहा गया। प्रो. डॉ. एम एल सतनामी रसायनशास्त्र द्वारा रसायनशास्त्र प्रायोगिक में उपयोग होने वाले यंत्र एटॉमिक एब्सार्पशन स्पेक्ट्रोस्कोपी, हाई परफोर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी, इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी, गैस क्रोमाटोग्राफी, यूवी विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, जेटा साइजर प्रो, कैलोरीमीटर, एमएनआर स्पेक्ट्रोस्कोपी, हाइड्रो डायनामिक रेडिएशन, हाइपो ऑटोक्लेव, सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन, एलसीएमएस, एफटीआईआर इत्यादि इंस्ट्रूमेंट को दिखाया एवं उनके कार्य करने की क्रियाविधि को विस्तृत रूप से समझाया। प्रायोगिक करके भी टिंडल प्रभाव को दिखाया गया। शैक्षणिक भ्रमण हेतु प्रदीप कन्हेर सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र, नम्रता तंबोली अतिथि व्याख्याता रसायनशास्त्र, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र, एसआर मानकर प्रयोगशाला तकनीशियन, शशांक दानी प्रयोगशाला परिचारक के साथ तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं विपुल गिरी, युगल, चंद्रिका, लक्ष्मी, पूजा, ओमकार, भावना, प्रज्ञा, सीमा लोकेश, चेतन सहित 27 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

